# ऑनलाइन क्विज व स्लोगन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

उदयपुर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 में आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। विजेताओं को जिला कलक्टर के साथ कॉफी पीने का अवसर मिलेगा।

सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी व संयुक्त निदेशक डीओआईटी शीतल अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया था। इसके तहत 19 से 26 अप्रैल तक ऑनलाइन क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं ने रूचि दिखाते हुए भागीदारी निभाई थी। शुक्रवार को डीओआईटी सभागार में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी व जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ की उपस्थिति में प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकान्त शर्मा, जिला आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा आदि भी उपस्थित रहे। अग्रवाल ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में उदयपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से कुल 4570 लोगों ने भागीदारी निभाई। इनमें से 44 प्रतिभागियों ने क्विज स्पर्धा के शत-प्रतिशत प्रश्नों का सही जवाब दिया था। ऐसे में विजेताओं का चयन लॉटरी से किया गया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त देवासी ने लॉटरी निकाली। इसमें प्रथम तीन विजेता नाथूलाल मीणा पुत्र भेराजी मीणा, जसवंतसिंह राजपूत पुत्र भूरसिंह राजपूत तथा रतनलाल तेली पुत्र रोड़ीलाल तेली रहे। इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता में 640 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन समिति ने तीन श्रेष्ठ स्लोगन चुने। इसमें विजेता राकेश कुमार मीणा पुत्र रमेशचंद्र मीणा, मनीष मेनारिया पुत्र नारायणलाल मेनारिया तथा पर्णिका चौबीसा पुत्री जयंत चौबीसा रहे। अग्रवाल ने बताया कि विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही उन्हें जिला कलक्टर के साथ कॉफी के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

■ विजेताओं को जिला कलक्टर के साथ कॉफी पीने का अवसर मिलेगा



ऑनलाइन क्विज स्पर्धा के विजेताओं की लॉटरी निकालते अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी। साथ में मौजूद जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ सहित अन्य।

## सार-समाचार

### खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा 11 से

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में 11 मई से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी अजीत जैन ने बताया की चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु खिलाड़ी अपना आवेदन राजस्थान राज्य क्रीडा परिशद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आरएसएससी डॉट इन से डाउनलोड कर आवेदन सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषदए सवाई मानसिह स्टेडियम जयपुर को 8 मई तक डाक.कुरियर द्वारा भिजवाना सुनिश्चित करें। जिला खेल अधिकारी अजीत जैन ने बताया कि बालिका तीरंदाजी अकादमी जयपुर, बालक तीरंदाजी अकादमी उदयपुर,डुंगरपुर,बालिका हॉकी अकादमी अजमेर,बालक हॉकी अकादमी जयपुर, बालक कबड्डी अकादमी करौली, बालक व बालिका कबड्डी अकादमी चुरू, बालक कब्बड्डी अकादमी डीडवाना, नागौर के लिए चयन स्पर्धा के तहत 11 मई को पंजीकरण,मेडिकल, बैट्री टेस्ट आदि एवं 12 मई को खेल कौशल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा। इसी प्रकार बालक वॉलीबॉल अकादमी झुंझुनू, बालिका वॉलीबॉल अकादमी जयपुर, बालक कुश्ती अकादमी भरतपुर,बालक साइकिलिंग अकादमी बीकानेर के लिए चयन स्पर्धा के तहत 12 मई को पंजीकरणए मेडिकल, बैट्री टेस्ट इत्यादि एवं 13 मई को खेल कौशल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमियों के विद्यमान प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए अधिकतम आयु सीमा उनके परिणाम के आधार पर 20 वर्ष होगी तथा बास्केटबाल सीनियर वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष होगी। अभ्यर्थी किसी प्रकार की बीमारी से ठासित नही होना चाहिए।

### भगवती प्रसाद द्विवेदी अलंकृत

उदयपुर, (कासं)। सलूंबर-पी एम श्री संत मावजी रा उ मा वी साबला मे अतिरिक्त प्रशाशनिक अधिकारी पद भगवती प्रसाद द्विवेदी निवासी सलूम्बर



ने डिजिटल माध्यम से 21वी सदी मे मेरे विकसित भारत पर राष्ट्रीय शोध आलेख प्रतियोगिता मे स्थानीय पद पर विकसित मॉडल निर्माण मे भाग दे कर सरानीय योगदान देने पर श्रेष्ठ साहित्य ब्राड एम्बेसेटर सम्मान से अलंकृत किया गया। नेशनल यूथ पार्लियानेट ऑफ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ललित नारायण आमेटा के अनुसार भगवती प्रसाद द्विवेदी को यह सम्मान श्रेष्ठ आलेख व साहित्य के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्यो से आदर्श स्थापित कर समाज मे श्रद्धा की भावन का विकास कर अपने दाइत्व का निर्वहन के लिए दिया।

### वृक्षारोपण कर मनाई जयंती

उदयपुर, (कासं)। सेन समाज विकास संस्था उदयपुर द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 724 वी जयंती के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत तीसरा कार्यक्रम सेन भवन मास्टर कॉलोनी उदयपुर में वृक्षारोपण के रूप में मनाया गया ।समाज के संरक्षक राजेंद्र सेन ने बताया कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724 वी जयंती के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत सेन भवन मास्टर कॉलोनी के बाहर पांच आशापाल के वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया ।इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक महामंत्री महेंद्र कुमार शर्मा एवं निर्मला शर्मा थे।

### खाटू श्याम भजन संध्या आज



उदयपुर, (कासं)। टेकरी गायरियावास स्थित श्री राज राजेश्वर खाटू श्याम मंदिर में शनिवार को एकादशी पर श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य कीर्तन कार्यक्रम होगा। यहां कुछ महीनों पहले ही खाटू श्याम बाबा की भव्य और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिदिन के आयोजन के साथ यहां हर एकादशी पर भजन संध्या भी आयोजित होती है। श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर समिति के संरक्षक धर्मेंद्र गुर्जर और अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि भजन संध्या शाम साढे सात बजे प्रारंभ होगी जिसमें भजन गायक प्रतीक माहेश्वरी, सुनंदा चौबीसा, योगेश सैनी और इतिशा गोयल बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर बाबा का खाटू धाम की तरह की आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

उदयपुर, (कासं)। राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में आयोजित निःशुल्क पंचकर्म शिविर के अंतिम दिन कई रोगियों ने अग्निकर्म चिकित्सा पद्यति का लाभ लिया। समापन अवसर पर इस निःशुल्क पंच दिवसीय चिकित्सा शिविर में सेवा देने वाले कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ दीनदयाल शर्मा, विशिष्ठ अतिथि उपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट, सहायक निदेशक डॉ भानु कुमार जैन व अग्निकर्म कर्म विशेषज्ञ डॉ चंद्रेश तिवारी रहे। शिविर व औषधालय प्रभारी डॉ. शोभालाल औदिच्य ने शिविर में हुए विभिन्न रोगों के उपचार की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आचार्य सुश्रुत के सिद्धांत के आधार पर अग्निकर्म चिकित्सा की जा रही है। डॉ चंद्रेश तिवारी इस अग्निकर्म चिकित्सा की प्राचीन विरासत को मूल स्वरुप में आमजन को उपलब्ध करवा कर सेवा का कार्य कर रहे है। चिकित्सा शिविर में डॉ.मिथिलेश शाक्यवाल, डॉ.शैलेन्द्र शर्मा, डॉ.संजय सोनी, डॉ.नितिन सेजू, डॉ अंकिता सियाल, डॉ ऋतम्बरा पाटीदार, नर्स इंदिरा डामोर, कम्पाउण्डर शंकरलाल खराडी, कन्हैया लाल नागदा नर्स अंजना बारोट, नर्स वंदना शक्तावत, भगवती लाल लोधा, निर्भयसिंह भाटी लालुराम गमेती आदि को सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### हमले में युवक घायल

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर युवक को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम सूरजपोल थाना क्षैत्र सेक्टर 13 रोडवेज डिपों के समीप बाइक सवार मल्लातलाई निवासी नजर हुसैन व उसके साथी दानिश ने चाकू से हमला कर सलीम उर्फ बिच्छु पुत्र मो. रफीक निवासी गोसिया कोलोनी को घायल कर फरार हो गए। हमले की सूचना मिलने पर एसआई दिनेश पाटीदार ने मौके पर पहुंच घायल को चिकित्सालय पहुंचा उसकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि ढाई वर्ष पूर्व सलीम ने नजर को चाकू से हमला कर घायल किया था। इसको लेकर दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। इसी के चलते नजर ने समझौता करने के लिए सलीम को बुलाया जहां मौका मिलते ही चाकू व सरिये से हमला कर फरार हो गए।

### ट्रेन हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। सवीना थाना क्षेत्र में ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र में 2 मई सवेरे उदयपुर से अहमदाबाद की तरफ जाने वाली ट्रेन से नीचे गिरने पर बिलिया बडगांव ओवरी डूंगरपुर निवासी दिनेश पुत्र रूपचंद की मौत हो गई। ट्रेन से दिनेश अपने अन्य साथी के साथ उत्तराखंड से वापस गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में चलती ट्रेन से वह निचे गिर पडा। इस दौरान साथी डूंगरपुर पहुंच गया। वहां परिजनों को उदयपुर में उतरने की जानकारी देकर चला गया। पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी।

### दो बाल अपचारी डिटेन

उदयपुर, (कासं)। शहर के तरह गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सविना नेला स्थित विद्यालय का ताला तोड़ सीसीटीवी केमरे व सामान चोरी के मामले में पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बाल अपचारी को डिटेन कर चोरी गये सीसीटीवी कैमरे बरामद किए है। गोवर्धन विलास थाना पुलिस में प्रिंसीपल मुकेश कुमार पुत्र द्वारका प्रसाद निवासी आदिनाथ नगर आई ब्लॉक सेक्टर 14 ने इस संबंध में प्रकरण दर्ज करवाया

### पी.एच.डी. की उपाधि

उदयपुर, (कासं)। रिमझिम अरोडा को बीएन विवि से शोध पर (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है।शोध विषय अल्जाइमर रोग के उपचार के लिए यौगिकों की इन-सिलिको स्क्रीनिंग था। शोध को बी.एन. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के फार्मेस्युटिक्स प्राध्यापक डॉ. कमल सिंह के मार्गदर्शन में किया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन मूल्यांकन प्राधिकरण, राजस्थान के पत्रक्रमांक-F1/(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B1(24399)/ 2023-24, जयपुर दिनांक-28/03/2024 के अनुसार श्री वसीम अहमद मंसूरी पुत्र श्री गुलाम रसूल निवासी ग्राम निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) के पक्ष में निकट ग्रामसाडीखेडा तह.छोटी सादड़ी व जिला-प्रतापगढ़ (राज.) में स्थित रेड ऑकर एम.एल.नं.36/2018 खसरा नं.373 कि उत्पादन क्षमता 218700 TPA (ROM) क्षैत्रफल 3.0759 हैक्टर (कलस्टर क्षैत्रफल 26.5018 हैक्टयर व कलक्टर उत्पादन क्षमता 1502233TPA) में खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति SEIAA, Jaipur राजस्थान तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिये उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rspcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

वसीम अहमद मंसूरी


### बैठक 15 को

उदयपुर, (कासं)। जिला संकट स्थिति समूह की बैठक 15 मई जिला कलक्टर की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी समिति के सदस्य सचिव व कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग के उप मुख्य निरीक्षक पवन कुमार गोयल ने दी।

## 'संक्रमण' नाटक का मंचन कल

उदयपुर, (कासं)। शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में 'संक्रमण' नाटक का मंचन रविवार को होगा। इस अवसर पर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत अभिनय गुरूकुल एक्टर्स स्टूडियो जोधपुर द्वारा 'संक्रमण' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के लेखक स्व. श्री कामतानाथ एवं निर्देशक अरू व्यास है। इस नाटक में 6 कलाकार भाग ले रहे हैं।

## 'लू व तापघात से बचाव के लिए आमजन एहतियात बरतें'

उदयपुर, (कासं)। जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। वहीं गर्मी के मौसम में जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने के जिला प्रशासन ने निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (राजस्थान, जयपुर) से विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देशों की पालना में जिले में गर्मी के मौसम में वर्तमान में चल रही लू एवं तापघात के प्रभाव से निराश्रित, बेघर, बेसहारा एवं खुले आसमान के नीचे सोने वाले व्यक्तियों के बचाव हेतु स्थाई / अस्थाई रेन बसेरों की व्यवस्था करने, रेन बसेरों में दिन के समय विश्राम करने वाले व्यक्तियों को बिछाने हेतु दरियों की व्यवस्था करने, खुले आसमान के नीचे स्थानों पर रहने वालों को रेन बसेरों में स्थानान्तरण करने हेतु आवश्यक वाहन की व्यवस्था करने, लू एवं तापघात के प्रभाव से पीडित व्यक्ति के तत्काल उपचार की व्यवस्था करने,रेन बसेरों में विश्राम करने वाले परिवारों/ व्यक्तियों को लू से बचाव हेतु पर्याप्त आवश्यक सुविधाएं यथा पर्याप्त ठंडे पेयजल,पर्याप्त आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों,,स्वास्थ्य की जांच कर मौके पर ही जीवन रक्षक औषधियां उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करें अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### रिवॉल्वर के साथ युवक गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। आसपुर थाना पुलिस ने एक बाइक सवार युवक से रिवाल्वर और 6 गोलियां बरामद की हैं। पकड़े गए युवक ने यूपी से रिवाल्वर चोरी कर लाने की बात कबूल की है। फिलहाल पुलिस रिवाल्वर लाने के कारणों को लेकर जांच कर रही है।आसपुर थानाधिकारी ने बताया कि हेड कांनि.भगवतसिंह टीम के साथ बडौदा बोडीगामा मोड पर नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी कर रहे थे। इसी दौरान एक गुजरात नंबर की बाइक लेकर युवक आते हुए नजर आया। पुलिस नाकेबंदी को देखकर वह बाइक मोड़कर वापस भागने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड लिया। पुलिस ने उससे भागने का कारण पूछा तो नहीं बता पाया। युवक ने अपना नाम अरविंद पुत्र लालू कलासुआ मीणा निवासी बोडीगामा बड़ा फला नया पादर पुलिस थाना साबला का होना बताया। इस पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। युवक के पेंट की जेब से एक रिवाल्वर मिली। वहीं एक छोटी प्लास्टिक की थैली में 6 राउंड गोलियां मिली। युवक के पास रिवाल्वर और गोलियां का लाइसेंस नहीं मिला। इस पर आरोपी अरविंद कलासुआ मीणा को रिवाल्वर और गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।


क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

एफ: 470, यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, मादडी, उदयपुर (राज.)
ई-मेल: rorpcbudaipur@gmail.com फोन नं.: 0294-2491269

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना**

विषय:- श्री भगवती लाल गमेती, एम.एल.न. 19/2022 (क्षेत्रफल 1.9469 हैक्टेयर) "क्वार्टज, फैल्डसपार एवं मेसोनरी स्टोन", ग्राम-भानसोल, तहसील-मावली, जिला-उदयपुर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भगवती लाल गमेती, एम.एल.न. 19/2022 (क्षेत्रफल 1.9469 हैक्टेयर) "क्वार्टज, फैल्डसपार एवं मेसोनरी स्टोन", ग्राम-भानसोल, तहसील-मावली, जिला-उदयपुर प्रस्तावित परियोजना क्वार्टज, फैल्डसपार एवं मेसोनरी स्टोन माईन (एम.एल.न. 19/2022, क्षेत्रफल 1.9469 हैक्टेयर) उत्पादन परियोजना क्षमता 1,53,202 टन प्रतिवर्ष (रोम) का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है।

2. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध है:- 1) कार्यालय जिला कलेक्टर, उदयपुर। 2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय 4. संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुंगरी, जयपुर। 4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) 5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, उदयपुर। 6) उपखण्ड अधिकारी, मावली, जिला-उदयपुर। 7) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर। 8) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ-470, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, मादडी उदयपुर (राज.)।

अत: सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई दिनांक 20.06.2024 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत भानसोल, ग्राम-भानसोल, तहसील-मावली, जिला-उदयपुर में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप कोविड-19 कोरोना महामारी को ध्यान में एवं सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए प्रस्तुत कर सकते है

साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण, मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर मे भी प्रस्तुत किये जा सकते है।

क्षैत्रीय अधिकारी


### बैठक आयोजित

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को श्री सेन समाज फरारा चौखला की फरारा मण्डल अध्यक्ष मय कार्यकारिणी एवं समाजजनों की उपस्थिति में सेनजयंती महोत्सव के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के आराध्य सेन महाराज की 724वीं जयंती रविवार को फरारा महादेव मन्दिर में स्थित सेन महाराज के मंदिर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शनिवार रात्रि जागरण (भजन संध्या) व रविवार प्रात: 7 बजे पीपरडा बस स्टेण्ड से फरारा महादेव मंदिर तक वाहन रैली, कलश यात्रा प्रात: 8:3० बजे, ध्वजा कार्यक्रम 1० बजे, सामाजिक सभा प्रात: 11 बजे के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन अध्यक्ष सम्पत लाल सेन (वणाई), संरक्षक शंकरलाल सेन मोलेला, सदस्य गिरधर सेन एवं विशिष्ट अतिथि की अध्यक्षता में किया जाएगा।

## पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

उदयपुर, (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के द्वारा हिरण मगरी ,सेक्टर 5 स्थित आकाशवाणी आवासीय कॉलोनी परिसर में भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कई जगह (परिंडे) जलपात्र टांगे गए।।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है, और इस गर्मी में अगर सबसेबड़ी जल चुनौती है तो पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की होती है। उन्होंने कहा की बदलते पर्यावरण के बीच पक्षियों के लिए यह दौर चिंताजनक हो गया है।

मीणा ने कहा की गावों में तो हालत फिर भी ठीक है पर शहरों में तो इन मासूमों को पीने को पानी ही नसीब नहीं हो रहा है और इसकी जिम्मेदारी किसी सरकार की नहीं हमारी खुद की है



बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कई जगह परिंडे लगाए गए।

।उन्होंने बेजुबान पक्षियों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है कि कम से कम अपने घरों के आसपास लग पेड पौधों पर मिट्टी के पात्र (परिंडे) टांगकर उसमें रोजाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की । इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के अजय गुलाटी ,राकेश मीना, स्थानीय निवासी विशाखा मीना, हिमांशु पालीवाल, अकाशवाणी के गोपाल पालीवाल मौजूद रहे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका मण्डल, बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक:- न.पा.ब./भू.रू./2024/287 दिनांक-3.5.2024

**-: आपत्ति सूचना पत्र :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कुशल कुमार पिता मांगीलाल जी जारोली, निवासी डूंगला जिला चित्तौड़गढ़ का राजस्व ग्राम बड़ीसादड़ी जिसके आराजी संख्या2835/2792 व 2837/2798 कुल क्षैत्रफल 2700 वर्गमीटर भूमि का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ (पेट्रोल पम्प) भू-उपयोग परिवर्तन कराना चाहता है, उक्त भू-उपयोग करने में कोई आपत्ति हो तो 15 (पन्द्रह) दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, बड़ीसादड़ी


## विद्यापीठ में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को भूपाल नोबल्स संस्थान के इनडोर स्टेडियम में हुआ।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि आज हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी फिटनेश अच्छी रहे, उसके लिए व्यक्ति का किसी न किसी प्रकार के खेल से जुडना आवश्यक है। खेल हमें मोटिवेट करते है साथ ही जीवन में हेप्पीनेस के लिए आध्यात्मिक, मानसिक, शारीरिक का मजबूत होना भी आवश्यक है और ये हमें खेल के माध्यम से ही प्राप्त हो सकते है। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान महिला/पुरूष 100 मीटर, 400 मीटर दौड, गोला फैंक, लम्बी कूद, भाला फैंक, तस्तरी फैंक, वालीबॉक, बैडमिंटन एकल-युगल, टेबल टेनिस, शतरंज, केरम, क्रिकेट, रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया । विजयी प्रतियोगिता में आगामी दिनो में होने वाले वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मान किया जायेगा। संचालन डॉ. प्रज्ञा भटट् ने किया। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. सुमिता खाउण्ड, डॉ. विनोद नायर, डॉ. प्रज्ञा भटट्, डॉ. कार्तिक सुखवाल,डॉ. संतोष लाम्बा, डॉ. रोहित कुमावत का सहयोग रहा है।



विद्यापीठ में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।

### दो आरोपियों को आजीवन कारावास

राजसमंद, (निसं)। जिला पॉक्सो न्यायालय न्यायाधीश पूर्णिमा गौड ने नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर व धमकाकर ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के दो आरोपियों को आजीवन (शेष प्राकृत जीवन काल के लिए) कठोर कारावास तथा 25-25 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने बताया कि 1० दिसम्बर 2०2० को पीडिता की माता ने पुलिस थाना कांकरोली में एक रिपोर्ट पेश कि की 9 दिसम्बर 2०2० को उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री उसके पडोस में विवाह होने से शाम को कार्यक्रम में गई थी जो रात्रि करीब 9:45 बजे रोती हुई घर पर आई। उसने पूछा तो बताया कि वह उसकी भाभी व दीदी के साथ शादी के कार्यक्रम में गई थी, जहां से वह प्रोग्राम देखकर रात्रि करीब 9:15 बजे अकेले घर आ रही थी तो रास्ते में एक मकान के पास तारू व कैलाश मिले, जो उसे बहला फुसलाकर खेतों की तरफ ले जाने लगे। उसने विरोध किया तो जबरदस्ती उसे उठाकर खेत में ले गए।


राजस्थान सरकार Government Of Rajasthan

**कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग निम्बाहेड़ा**

Office of The Assistant Mining Engineer, Depaertment Of Mines & Geology Nimbahera

खनिज भवन, वेलकम बोर्ड, निम्बाहेड़ा बाई पास चित्तौड़ रोड़ , निम्बाहेड़ा
Khanij Bhawan, Welcome Board, Nimbahera Bypass, Chittor Road, Nimbahera
Pin-312601 (Email:ame.Nimbahera @rajasthan.gov.in)

क्रमांक:सखअ/निम्बा/सीसी-I/एमएल.1/2010/ दिनांक:-02.05.2024

**उजरदारी सूचना**

यह है कि इस कार्यालय के अन्तर्गत अनुदान खनन पटटा (एमएल -नम्बर1/2010)वास्ते खनिज चायनाक्ले, क्वार्टज क्षेत्र 4.95 हेक्टर निकट ग्राम निकुम्भ तहसील बडीसादडी जिलाचित्तौडगढ में पट्टाधारी श्री अजीत कुमार पुत्र श्री सुरजमल छिंगावत, निवासी- 18 बैंक रोड़ जनकपुरा मन्दसौर (म.प्र.) की दिनांक 25.03.2024 को मृत्यु हो जाने का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी दिनाक 02.04.2024 एवं श्रीमती निर्मला नरेश चन्दवानी, सभापति लोकनिर्माण उद्यान, विद्युत एवं यान्त्रिक विभाग नगर पालिका परिषद मन्दसौर से जारी क्रमांक 129/24 दिनांक 07.04.2024 वैध वारिस उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र मय नामान्तरण आवेदन उनके पत्नि श्रीमति अनिला एवं पुत्र श्री पलक जैन व प्रतीक जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार वारिसों का विवरण निम्नानुसार है।

1. श्रीमति अनिला जैन पत्नि स्व. श्री अजीत कुमार जैन (छिंगावत) उम्र 66 वर्ष निवासी -3 राम नगर गीता भवन रोड मन्दसौर (म.प्र.)
2. श्री पलक जैन पुत्र स्व. श्री अजीत कुमार जैन (छिंगावत) उम्र 37 वर्ष निवासी -3 राम नगरगीता भवन रोड मन्दसौर (म.प्र.)
3. श्री प्रतीक जैन पुत्र स्व. श्री अजीत कुमार जैन (छिंगावत) उम्र 34 वर्ष निवासी-3 रामनगर गीता भवन रोड मन्दसौर (म. प्र.)

उक्त उत्तराधिकारियों द्वारा श्री अजीत कुमार छिंगावत के पक्ष में स्वीकृत अनुदान खननपटटा (एमएल -नम्बर 1/2010)वास्ते खनिज चायनाक्ले, क्वार्टज क्षेत्र 4.95 हेक्टर निकट ग्राम निकुम्भ तहसील बडीसादडी जिला चित्तौडगढ को श्रीमति अनिला जैन पत्नि स्व. श्री अजीत कुमार जैन के नाम करने बाबत् नोटरी से सत्यापित सहमति शपथ पत्र श्रीमती अनिला जैन, श्री पलकजैन एवं श्री प्रतीक जैन ने प्रस्तुत किया है। खनन पट्टा क्षेत्र एमएल नम्बर 1/2010 श्रीमतिअनिला जैन पत्नि स्व. श्री अजीत कुमार जैन(छिंगावत) निवासी -3 राम नगर गीता भवन रोड मन्दसौर (म.प्र) के नाम नामान्तरण करने बाबत किसी को कोई उज्र/ आपत्ति हो तो उक्त सूचनाके प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में मय ठोस सबूत के कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता निम्बाहेडा में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद अवधि कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं होगी व अनुदान खनन पटटा (एमएल-नम्बर 1/2010) वास्ते खनिज चायनाक्ले, क्वार्टज क्षेत्र 4.95 हेक्टर निकट ग्राम निकुम्भ तहसील बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ को श्रीमति अनिला जैन पत्नि स्व श्री अजीत कुमार जैन (छिंगावत) निवासी-3 राम नगर गीता भवन रोड मन्दसौर (म प्र) के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जावेगी

(रणजीत मीणा)
सहायक खनि अभियन्ता, निम्बाहेड़ा